AGRA POLICE

"सुरक्षा आपकी, संकल्प हमारा"

प्रेस नोट थाना शाहगंज जनपद आगरा। दिनांक 22.07.2022

थाना शाहगंज पुलिस टीम द्वारा बड़ी कार्यवाही करते हुए मोबाइल चोरों के गिरोह के एक बाल अपचारी सहित कुल 05 अभियुक्तगण को किया गया गिरफ्तार, कब्जे से विभिन्न कम्पनियों के 09 मोबाइल व एक मोटरसाइकिल अपाचे बरामद बरामद....

जनपद में चोरी, लूट, डकैती आदि आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने हेतु एवं संलिप्त अभियुक्तगण की गिरफ्तारी हेतु श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद आगरा के निर्देशन में, पुलिस अधीक्षक नगर के नेतृत्व में, क्षेत्राधिकारी लोहामण्डी के सफल पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी शाहगंज को टीम गठित करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

इसी क्रम दिनांक 22.07.2022 को थाना पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र में गश्त की जा रही थी। गश्त के दौरान पुलिस टीम ख्वासपुरा पहुंची, जहां मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुयी कि पांच शातिर मोबाइल चोर हजरत भूरे शाह बाबा की दरगाह के पास अपने मोबाइल बेचने के लिए खड़े हुए हैं, यदि जल्दी की जाये तो गिरफ्तार किये जा सकते हैं।

इस सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए पुलिस टीम बताये स्थान पर पहुंची। पुलिस टीम को देख अभियुक्तगण भागने लगे। पुलिस टीम द्वारा चारों ओर से घेरकर 05 अभियुक्तगण को गिरफ्तार कर लिया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से 09 मोबाइल विभिन्न कम्पनियों के व 01 मोटरसाइकिल बरामद हुयी।

पूछताछ का विवरण :–

पुलिस टीम द्वारा पूछताछ करने पर अपना नाम रविन्द्र पिप्पल, रोहित मोर्य, दीपू उर्फ दीपक, राम शर्मा व बाल अपचारी बताया गया। बरामदगी के सम्बन्ध में बताया गया कि हम लोग अलग–अलग स्थानों से मोबाइल चोरी की घटनाओं को अन्जाम देते हैं। बरामद मोबाइल चोरी के एवं कुछ मोबाइल हमारे हैं। चोरी के मोबाइल बेचकर हमने यह मोटरसाइकिल खरीदी है। इस मोटरसाइकिल से हम चोरी की घटनाओं को अन्जाम देते हैं।

अभियुक्तगण का नाम :–

01. रबिन्द्र पिप्पल पुत्र मुकेशचन्द्र नि0 ताल सेमरी चौराहा देवरी रोड थाना ताजगंज आगरा।
02. रोहित मोर्य पुत्र कर्मवीर मोर्य नि0 परसोती का नगला सेवला सदर बाजार आगरा।
03. दीपू उर्फ दीपक पुत्र बबलू नि0 कोटली बगीची चौराहा, थाना ताजगंज जनपद आगरा।
04. राम शर्मा पुत्र गंगोली शर्मा नि0 सेमरी ताल नोबरी थाना ताजगंज जनपद आगरा।
05. बाल अपचारी।

बरामदगी का विवरण :–

01. 09 मोबाइल विभिन्न कम्पनियों के
02. 01 मोटरसाइकिल अपाचे।

आपराधिक इतिहास का विवरण :–

अभियुक्त राम शर्मा

01. मु0अ0सं0 384/22 धारा 411/413 भादवि थाना शाहगंज जनपद आगरा।
02. मु0अ0सं0 1115/18 धारा 379 भादवि थाना ताजगंज जनपद आगरा।
03. मु0अ0सं0 1114/18 धारा 41 सीआरपीसी थाना ताजगंज जनपद आगरा।
04. मु0अ0सं0 102/21 धारा 60 आबकारी अधि0 थाना लोहामण्डी जनपद आगरा।
05. मु0अ0सं0 667/18 धारा 379 भादवि थाना हरीपर्वत जनपद आगरा।

अन्य अभियुक्तगण

01. मु0अ0सं0 384/22 धारा 411/413 भादवि थाना शाहगंज जनपद आगरा।

पुलिस टीम का विवरण :–

01. प्रभारी निरीक्षक श्री जसवीर सिंह सिरोही थाना शाहगंज जनपद आगरा।
02. उ0नि0 श्री विपिन सिंह तेवतिया थाना शाहगंज जनपद आगरा।
03. उ0नि0 अमन कुमार थाना शाहगंज जनपद आगरा।
04. का0 गजराज थाना शाहगंज जनपद आगरा।
05. का0 कुशलपाल थाना शाहगंज जनपद आगरा।
06. का0 हरिओम थाना शाहगंज जनपद आगरा।
07. का0 रबिन्द्र थाना शाहगंज जनपद आगरा।
08. का0 प्रशान्त थाना शाहगंज जनपद आगरा।

मीडिया सेल जनपद आगरा।